हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर में ...



12 करोड़ों की पानी टंकी शो-पीस बनी सालभर बाद...





## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन आज



**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री निवास रायपुर में 13 नवंबर गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन दोपहर 12 से 3 बजे तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस अवसर पर प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का त्वरित और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध समाधान मिल सके। राज्य सरकार के जनदर्शन कार्यक्रम का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। यह पहल मुख्यमंत्री साय की जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता और पारदर्शी सुशासन के संकल्प को दर्शाती है, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके।

### 15 लीटर महुआ शराब जब्त, महिला गिरफ्तार



**गिधौरी।** समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 11 नवम्बर को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा नहर किनारे पथर्री जाने का पगडंडी मार्ग टुण्डरा में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए 1 आरोपिया को गिरफ्तार किया। आरोपी गंगा 32 वर्ष निवासी वार्ड 9 पथरी डेरा टुण्डरा से 15 लीटर महुआ शराब जब्त कर गिधौरी पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण के तहत गिरफ्तार जेल भेजा गया।

### पलारी जनपद में 17 को प्लेसमेंट कैम्प

**पलारी।** रजत जयंती वर्ष पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जनपद पंचायत पलारी में 17 नवम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। जानकारी के अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक अलर्ट सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 54 पद, असिस्टेंट सुपरवाइजर 10, सिक्योरिटी सुपरवाइजर 4, एजेंट 54, टेंडर 2 एवं मार्केटिंग के 4 पद, शैक्षणिक योग्यता आठवीं, दसवी, बारहवीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण, उम्र 20 से 50 वर्ष, अनुभव 0-2 वर्ष, वेतन 10 हजार से 16 हजार रूपये पदानुसार देय होगा, कार्यक्षेत्र रायपुर छत्तीसगढ़ होगा।जिंदल स्टील लिमिटेड मंदिर हसौद रायपुर द्वारा अप्रेंटिसशीप के लिए मशीनीष्ट के 40 पद, टर्नर 30, फिटर 10 एवं वेल्डर के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण, स्टाइपेंड 14 हजार रूपये तक देय होगा कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित हो सकते हैं।

# बारनवापारा में तीन दिनों से बाघ की निगरानी में जुटा वन विभाग का अमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले के बारनवापारा अभ्यारण्य में एक बार फिर बाघ की मौजूदगी दर्ज की गई है। वन विभाग की टीमें अब उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही हैं और उसके संरक्षण के लिए सक्रिय हो गई हैं। यह घटना क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण के बढ़ते प्रयासों को तो दिखाती है, लेकिन साथ ही कई सवाल भी खड़े करती है, क्या बारनवापारा वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए तैयार है? डीएफओ गणवीर धम्मशील ने बताया कि यह बाघ पड़ोसी जिले गरियाबंद के देवभोग क्षेत्र या फिर पड़ोसी राज्य से आया होगा। इसकी पुष्टि के लिए विभाग की विशेष टीम ट्रैकिंग कर रही है। बीते 7 मार्च को सिरपुर क्षेत्र में एक शिक्षक ने बाघ देखा था और उसका वीडियो भी बनाया था। उस बाघ को बाद में तामोर पिंगला टाइगर रिजर्व में सुरक्षित छोड़ा गया था। बारनवापारा अभ्यारण्य में वन्य प्राणियों के लिए प्राकृतिक वातावरण तो अनुकूल है, लेकिन सवाल यह है कि इनकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अधिकारी कितने तैयार हैं? पिछले तीन वर्षों के आंकड़े कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। वर्ष 2023 में कुल 15 वन्यप्राणियों की मौत हुई, जिनमें से 8 आवारा कुत्तों के हमले से, 2 प्राकृतिक कारणों और 3 अज्ञात कारण बताए गए। वर्ष 2024 में मौतों का आंकड़ा बढ़कर 22 हो गया। इनमें 4 आवारा कुत्तों के हमले, 3 वन्यप्राणियों के हमले, 4 प्राकृतिक कारण, 2 अवैध शिकार और 6 मौतों के कारण अज्ञात रहे।

## तीन साल में 52 वन्यजीवों की मौत ने बढ़ाई चिंता, सुरक्षा पर उठे सवाल



फाइल फोटो

### वन्यजीवों की सुरक्षा अब भी बड़ी चुनौती

वर्ष 2025 में अब तक 15 वन्यप्राणियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें 3 आवारा कुत्तों के हमले, 3 वन्यप्राणियों के हमले, 2 प्राकृतिक कारण, 1 बीमारी, 1 अवैध शिकार और 1 वाहन दुर्घटना शामिल हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि बारनवापारा अभ्यारण्य में वन्यजीवों की सुरक्षा अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। एक ओर जहां बाघ की मौजूदगी जंगल के जीवंत होने की निशानी है, वहीं लगातार होती मौतें संरक्षण प्रयासों पर सवाल खड़े कर रही हैं। अब देखना यह होगा कि वन विभाग इस बाघ की सुरक्षा और अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कितनी ठोस कार्रवाई करता है।

## अभियान : तालाब को खाली कर नया पानी भरने की तैयारी में नपा

# दूषित निकाला रामसागर तालाब का पानी, जांच में पीएच वैल्यू 6.20 आया

### खास बातें

- शहरवासियों के लिए अब नहाने और निस्तारी योग्य नहीं रहा पानी
- जल शुद्धता के लिए तालाब खाली कर नया पानी भरना ही एक मात्र उपाय
- गंदगी और जलकुंभी से पानी का रंग बदला





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

नगर के ऐतिहासिक एवं प्रमुख रामसागर तालाब का पानी अब नहाने, निस्तारी उपयोग के योग्य नहीं रहा है। परीक्षण रिपोर्ट में पानी दूषित पाए जाने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने तालाब को खाली कर नया पानी भरने की योजना बनाई है।

जानकारी के अनुसार, पीएचई विभाग द्वारा किए गए परीक्षण में रामसागर तालाब के जल का पीएच वैल्यू 6.20 पाया गया, जबकि सामान्य सीमा 6.5 से 8.5 के बीच होनी चाहिए। इसके साथ ही टर्बिडिटी (गंदलापन) का स्तर भी 1 एनटीयू की स्वीकृत सीमा के मुकाबले 22.6 एनटीयू दर्ज किया गया।

सबसे चिंताजनक बात यह रही कि बैक्टीरिया परीक्षण में ई-कोलाई और कोलीफॉर्म जीवाणु धनात्मक पाए गए, जो जल में गंभीर संक्रमण की संभावना दर्शाते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि रामसागर तालाब नगर का अत्यंत प्राचीन और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जलाशय है, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें खरपतवार और जलकुंभी की अधिकता से जल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है।

उन्होंने कहा कि तालाब को खाली कर नया पानी भरना ही जल शुद्धता का एकमात्र विकल्प है। नगर पालिका परिषद शीघ्र ही यह कार्य आरंभ करेगी।

सीएमओ ने नागरिकों से अपील की है कि तालाब को खाली करने और पुनः स्वच्छ जल भरने की प्रक्रिया में नगर पालिका को सहयोग प्रदान करें, ताकि नगर के इस ऐतिहासिक सरोवर को पुनः स्वच्छ एवं उपयोगी बनाया जा सके।

रिपोर्ट के अनुसार, यह परीक्षण 3 नवंबर को पीएचई विभाग द्वारा किया गया था, जिसमें जल की गुणवत्ता असंतोषजनक पाई गई। नगर प्रशासन अब इस दिशा में जल्द कार्रवाई कर तालाब के पुनरुद्धार का कार्य आरंभ करने जा रहा है।

# सहकारी समितियों में बीज भंडारण के बावजूद भटक रहे किसान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

कृषि विभाग सिमगा में शासन की योजना अनुसार दलहन, तिलहन के उत्पादन हेतु प्रमाणित बीजों का विभिन्न ग्रामों में भंडारण किया गया है, किन्तु कृषि विभाग की भर्राशाही के चलते किसानों को बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कृषि विभाग सिमगा में प्रभारी के रूप में अनिल कुमार दीवान कार्यरत हैं, वहीं 19 आर ई ओ हैं जिनमें से 3 कार्यालय में कार्यरत हैं, जबकि 16 ग्रामीण अंचलों में ग्रामीण विस्तार अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। फिर भी किसानों को प्रमाणित बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सिमगा बीज भंडारण कक्ष में चना 99.06 क्विंटल, सरसो 10.20 क्विंटल, अलसी 80 किलो, तिवरा 20 क्विंटल, वहीं ग्राम कामता में गेहूं 50 क्विंटल, पौसरी में गेहूं 30 क्विंटल एवं अन्य स्थानों पर भी प्रमाणित बीज भंडारण किया गया है, किंतु जानकारी के अभाव में किसान प्रमाणित बीज के लिए भटक रहे हैं।

उक्त मामले में कृषि विस्तार अधिकारी अनिल कुमार दीवान ने कहा कि प्रमाणित बीज उपलब्ध है, किसान अपने क्षेत्र के आर ई ओ से मिलकर प्राप्त कर सकते हैं।

# गायत्री मंदिर के समीप प्रीमियम वाइन शॉप खोलने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- एनएसयूआई ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी
- धार्मिक स्थल के पास वाइन शॉप खोलने से समाज में जाएगा गलत संदेश – एनएसयूआई

राष्ट्रीय छात्र संघ के छात्रों ने कलेक्टर को जनहित के प्रमुख मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में प्रमुख मांग की शहर में गायत्री मंदिर के समीप प्रीमियम वाइन शॉप खोले जाने के निर्णय का विरोध किया। छात्रों ने कहा कि धार्मिक स्थल के आसपास शराब की दुकान खोले जाने से समाज में गलत संदेश जाएगा और इससे स्थानीय लोगों की भावनाएं आहत होगी। उन्होंने प्रशासन से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने विवादित स्थान पर वाइन शॉप खोलने की कोशिश की, तो संगठन सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में छात्र और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन ने प्रशासन से दोनों मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा और चेतावनी दोनों जताई है।





# डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के लिए लगी कार्यशाला

**बलौदाबाजार।** डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के सम्बन्ध में बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में कलेक्टर दीपक सोनी ने पेंशनरों की समस्या और सुझाव से अवगत कराया और निराकरण के लिए बैंक एवं पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। कार्यशाला में मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपना जीवन प्रमाण पत्र तैयार करना और बैंक को सब्मिट करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। i ए एप्प के उपयोग से पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र के लिये बैंक या पोस्ट ऑफिस का चक्कर लगाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। पोस्ट ऑफिस एवं बैंक में पेंशनरों के लिये हेल्प डेस्क स्थापित करने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित जिला पेंशनर संघ के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

# तीन दिनों में थोक, फुटकर व्यापारी और मिलर्स का सत्यापन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- धान खरीदी की तैयारी बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभागियों अधिकारियों को दिये निर्देश

खाद्य, सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने धान खरीदी की तैयारी एवं अवैध धान पर कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने मंडी सचिव एवं उप निरीक्षकों द्वारा सुस्त कार्यवाही पर फटकार लगाते हुए अगले तीन दिन में शत प्रतिशत थोक एवं फुटकर व्यापारी सहित मिलर्स का सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ी निगरानी के लिये खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम को सक्रिय करें। इसके साथ ही सभी 12 जांच नाका को भी सक्रिय करें। धान खरीदी अगले दो दिन बाद शुरू हो रही है। इसके लिये सभी तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने हुए कहा कि धान खरीदी के दौरान कहीं भी अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन की शिकायत मिलने पर संबंधित क्षेत्र के मंडी सचिव की जिम्मेदारी होगी और संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

कलेक्टर ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा करते हुए समितियों में बरदाने की उपल्बधता सहित अन्य तैयारी की जानकारी ली अधिकारियों ने बताया कि 15 दिन खरीदी के लिये बारदाने सभी समितियों में उपलब्ध है। धान खरीदी हेतु बुधवार को सभी समितियों में ट्रायल रन भी किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि एग्रीस्टेक पंजीयन हेतु छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराएं, किसानों का केसीसी बनाएं। उन्होंने सम्पर्क केन्द्र में स्थापित जिला कंट्रोल रूम को एक्टिव करते हुए शिकायत, सुझाव पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने सम्पर्क केन्द्र से सभी चेक पोस्ट एक्टिवेशन की जानकारी लेने के निर्देश दिये।

# समाधान सेल में पांच माह में मिली 443 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

समाधान सेल में प्राप्त सूचनाओं पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। सेल के हेल्पलाइन नंबर से अपराधिक कृत्यों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ जारी है।

प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों पर कार्रवाई के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है।

समाधान सेल प्रारंभ दिनांक से अब तक कुल 443 शिकायतें हुई है, जिसमें प्राप्त शिकायतों में अब तक 94 शिकायतों पर प्रथम सूचना पत्र किया गया है, दर्ज एवं 54 शिकायतों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और

शेष 288 शिकायतों पर तस्दीक करते हुए, शिकायतों के प्रमाणीकरण किया गया है।

जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट हिदायत देते हुए समाधान सेल की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा में तस्दीक एवं जांच कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही समाधान सेल में सूचना एवं शिकायत प्रेषित करने वाले सूचनाकर्ता अथवा आवेदक की पहचान भी सर्वथा गुप्त रखी जा रही है।

सेल को 5 मई से 10 नवम्बर तक 443 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें त्वरित करते हुए 94 शिकायतों पर प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया और 54 शिकायतों पर संबंधित के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही शेष 288 सूचना एवं शिकायतों की जांच एवं तस्दीक कर उक्त सूचनाओं पर प्रमाणीकरण की कार्रवाई की गई।

## आरोपी के कब्जे से 2 बैटरी और एक वाहन जब्त

# सीमेंट प्लांट के यार्ड में खड़े ट्रक से बैटरी चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



न्यू विस्टा सीमेंट प्लांट, रिसदा के ट्रक यार्ड में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बैटरी और घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त किया गया है।

प्रार्थी महेश सिंह कुशवाहा ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उन्हें सुरक्षा गार्ड के माध्यम से सूचना मिली कि आरोपी जयप्रकाश साहू ट्रक यार्ड में खड़े एक वाहन की बैटरी निकालकर स्कॉर्पियो वाहन में डाल रहा है। मौके पर जाकर देखने पर ट्रक क्रमांक सजी 04 एनवाय 6003 की दो नग बैटरी निकली हुई पाई गईं। आरोपी जयप्रकाश साहू उन दोनों बैटरी को अपनी स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 10 वी 4627 में चोरी कर फरार होने की नियत से रखकर तैयार था। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम मिरगी थाना भाटापारा ग्रामीण निवासी 24 वर्षीय जयप्रकाश साहू को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने न्यूवोको सीमेंट प्लांट (न्यू विस्टा सीमेंट प्लांट) के ट्रक यार्ड से 2 नग बैटरी चोरी कर स्कॉर्पियो वाहन में फरार होने की कोशिश में पकड़े जाने की बात स्वीकार किया। उसके कब्जे से चोरी की गई 02 नग बैटरी अनुमानित कीमत 6000 और चोरी की घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 10 वी 4627 को जब्त किया गया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर मनाया स्मरणोत्सव



**पलारी।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम पलारी स्थित हैलो किड्स जीनियस हाइट्स स्कूल में स्मरण उत्सव मनाते हुए सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर स्कूल हेड भाग्य चंदन साहू सहित समस्त टीचर और विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का गायन किया। गौरतलब हो कि राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वीं वर्षगांठ पर स्मरणोत्सव चरणबद् तरीके से जनपद कार्यालय, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत एवं समस्त शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थानो में मनाया जा रहा है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
07 नवंबर 2025 SHOW TIME
एम.ए. प्रीवियस (सीजी)
शो समय -12:00,3:00 PM
द ताज स्टोरी
शो समय - 6:00 PM, 9:00 PM
एक दीवाने की दिवानियत
शो समय - 6:00 PM
जटाधरा
शो समय - 12:00,03:00, 09:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर में 100 से अधिक पेंशनरों के बने प्रमाण पत्र

## पेंशनर्स एसोसिएशन और एसबीआई के संयुक्त तत्वावधान में हुआ सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पेंशनर्स एसोसिएशन एवं भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक भवन में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पेंशनरों को ऑनलाइन और ऑफलाइन जीवन प्रमाण पत्र बैंक में जमा करने में सहायता प्रदान की गई। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष नवंबर में सभी पेंशनरों को अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र संबंधित बैंक में जमा करना अनिवार्य होता है। सामान्यतः पेंशनरों को यह प्रक्रिया बैंक जाकर करनी पड़ती है, जिससे भीड़ और असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस कठिनाई से बचने हेतु शिविर का आयोजन किया गया, जहां एक ही स्थान पर बैंक अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में 100 से अधिक पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र तैयार किए गए, वहीं बैंक अधिकारियों द्वारा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान करीब 20 पेंशनरों के ऑनलाइन डिजिटल प्रमाण पत्र मौके पर ही बनाए गए। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों नितिन संघवी, राजन प्रसाद, हेमंत पवार और हिमांशु शर्मा ने पेंशनरों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब पेंशन लोन मात्र दो घंटे में स्वीकृत हो सकता है तथा 70 वर्ष तक के पेंशनरों को 30 लाख तक का बीमा निःशुल्क केवल साधारण आवेदन के आधार पर उपलब्ध कराया जा रहा है।




### निभा सकते हैं ऑपरेटर की भूमिका

यह भी बताया गया कि पेंशनर अपने एंड्रॉइड मोबाइल से स्वयं डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट रजिस्टर कर सकते हैं और भविष्य में अन्य पेंशनरों के प्रमाण पत्र बनाकर "ऑपरेटर" की भूमिका निभा सकते हैं। शिविर में पेंशनर एसडी पड़वार ने ऑपरेटर के रूप में अनेक पेंशनरों के डिजिटल प्रमाण पत्र तैयार कर यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक प्रदर्शित की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री डीपी जैन, जिला अध्यक्ष एसएम पाध्ये, कार्यकारी जिलाध्यक्ष केएल महिलांगे, तहसील अध्यक्ष एसडी पड़वार, राजकमल मिश्रा, नेहरू लाल यादव एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही। सभी के सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### सात ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए रवाना हुआ दल



**बलौदाबाजार।** नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था नागरिक सेवा समिति के सदस्यों का 14 सदस्यीय दल सात ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुआ। समिति के सदस्य ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, त्र्यंबकेश्वर, नागेश्वर, घृष्णेश्वर और सोमनाथ सहित द्वारका, शनि शिंगणापुर एवं अन्य पवित्र स्थलों का दर्शन करेंगे। यात्रा दल में टेसूलाल धुरंधर, पुनीत राम वर्मा, सोनचंद वर्मा, तारण सिंह ठाकुर, नरेश कुमार सिरमौर, राजेश्वर प्रसाद सेन, कोमल सिंह वर्मा, सुरेंद्र कुमार वर्मा, उषा देवी धुरंधर, अहिल्या ठाकुर, द्रौपदी वर्मा, कुसुम वर्मा, लेखा वर्मा एवं कलावती सेन शामिल हैं। प्रस्थान अवसर पर श्याम शुक्ला, रामाधार पटेल, खोड़श राम कश्यप, बुद्धेलाल साहू, बेदराम वर्मा, इतवारी बंजारे, रोहित वर्मा, माखन वर्मा, राजेन्द्र जायसवाल, युगल साहू, ग्यासी साहू, मनीष बरनवाल, रूद्र चंद्रवंशी, राजनारायण एवं जयनारायण केसरवानी उपस्थित थे।

### धान खरीदी के लिए टोकन काटना शुरू करे सरकार

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज प्रधान



ठाकुर राम वर्मा ने कहा कि एक तरफ किसान बारिश के नाम से परेशान हुए, उसके बाद कीट प्रकोप से परेशान हुए और अब किसानों को तीसरी मार के रूप में धान खरीदी की तिथि को 1 नवंबर से बढ़ाकर अब 15 नवंबर की गई है, जिसके चलते किसान बहुत ज्यादा हलाकान हुए है। 15 नवम्बर से धान खरीदी होना है, कई खरीदी केन्द्रों में अब तक बारदाना नहीं पहुंचा है। पहले खरीदी के एक सप्ताह पहले से धान खरीदी का ऑनलाइन टोकन काटना प्रारंभ हो जाता था, मगर आज पर्यंत तक किसान टोकन भी नहीं कट रहा हैं। वर्तमान में सरकारी समिति के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। उन्होंने शासन एवं प्रशासन से मांग की कि तत्काल ऑनलाइन टोकन प्रारंभ कर निर्धारित तिथि में धान खरीदी की जाए, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

### निधन

#### जग्गा वर्मा

**घोटिया।** वटगन निवासी 35 वर्ष जग्गा वर्मा का बुधवार को निधन



हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम वटगन में किया गया, जिसमें स्वजाति बंधु सहित ग्रामीण अधिक मात्रा में सम्मिलित हुए। वे चावन मुन्ना के भाई थे।

## समस्या : नल कनेक्शन के लिए खोदी सड़क, अब तक मरम्मत नहीं हुई

# करोड़ों की पानी टंकी शो-पीस बनी सालभर बाद भी पानी सप्लाई ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत गिधौरी में करोड़ों लागत से बना पानी टंकी शो पीस बनी हुई है। सालभर से ज्यादा होने के बाद भी पानी सप्लाई ठप और ठेकेदार द्वारा नल कनेक्शन के लिए जगह-जगह गली मोहल्लों में अच्छी से अच्छी सड़क पर पानी लाइन बिझाने के लिए खोदे गये गड्ढे की अभी तक मरम्मत नहीं की गई है। ठेकेदार द्वारा गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है। गर्मियों में जलस्तर नीचे चला जाता है। शासन की महत्वपूर्ण योजना फ्लॉप साबित हो रही है। गिधौरी पंचायत में पानी टंकी शोपीस तो बनी ही है, लेकिन कसडोल जनपद पंचायत के अंतर्गत अधिकांश गांवों में आज भी पानी टंकी में पानी सप्लाई नहीं हो रही है। ठेकेदार की उदासीनता आमजन को भुगतना पड़ रहा है। नल जल योजना के तहत जगह-जगह घरों में लगाए गये नल टोटी घरेलू कनेक्शन फ एच टी सी सभी गांव के घरों में एक वर्ष से लगा है और पानी सप्लाई नहीं होने के कारण नल कनेक्शन पाइप जर्जर एवं टुटकर खराब हो गया है। नल कनेक्शन की टोटी कुड़े कचरे में पड़ी है। अब सवाल उठता है कि शासन की महत्वपूर्ण योजना को कछुआ चाल की तरह चलाया जा रहा है।





### पानी सप्लाई होगी चालू

*इस संबंध में कसडोल एसडीओ पीएचई विभाग मनोज दखोड़े ने बताया की गिधौरी में पानी नहीं है और जब गिरौदपुरी में पानी सप्लाई चालू होगी तब गिधौरी सप्लाई की जायेगी और जहां-जहां नल कनेक्शन का पाइप, टोटी, जर्जर होकर टुटकर खराब हो गया है, उसे ठेकेदार द्वारा नया लगाया जावेगा।*

# पराली जलाने से रोकने निगरानी दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले में धान फसल की कटाई जारी है। कटाई उपरांत किसान पराली (पैरा) को खेतों में जला देते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा मृदा उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं एवं मिट्टी कठोर हो जाती है।

- फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषण के साथ मिट्टी की उर्वरता होती है खत्म

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा धान कटाई उपरांत पैरा को कृषि यंत्रों एवं वेस्ट-डी कम्पोजर के माध्यम से उचित प्रबंधन हेतु रबी फसल के बुआई हेतु हैप्पी सीडर का उपयोग पराली को न जलाए। बिना गेहूं जैसी अगली फसल की सीधी बुवाई करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बताया गया कि यह मशीन पराली को काटकर खेत में बिखेर देती है, जिससे मिट्टी की नमी बनी रहती है तथा खरपतवार भी कम होता है। इसी प्रकार बेलर मशीन का उपयोग धान कटाई उपरान्त बचे हुए पैरा को गोल या चौकोर बंडल बनाने में किया जाता है, जिससे पैरा बिना मजदूरों के कम खर्चे में इकठ्ठा किया जा सकता है, जिसका उपयोग पशु चारे के रूप में किया जा सकता है। पैरा से खाद कम्पोस्ट बनाने हेतु कृषि विभाग द्वारा बायो-डी कम्पोजर का वितरण कृषकों को मैदानी अधिकारियों के माध्यम से किया गया है। बायो डी-कम्पोजर के उपयोग से किसान भाई पैरा को कम्पोस्ट खाद में परिवर्तित कर सकते हैं जिसका उपयोग रबी फसलों में किया जा सकता है।

पराली जलाने से रोकने हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम में पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सचिव एवं कोटवार का दल गठन किया गया है, जिसके द्वारा सतत निगरानी किया जाएगा। दल द्वारा खेतों का निरीक्षण कर फसल अवशेष के उचित प्रबंधन (यथा पशुचारे के रूप में उपयोग करने, कम्पोस्ट खाद बनाने आदि) के संबंध में कृषकों उचित सलाह दी जायेगी।

**पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरोरा में हुआ आयोजन**

# 50 वर्ष बाद पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन और गुरुजनों का अलंकरण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सत्र 1972 से 1977 तक के छात्र-छात्राओं का 50 वर्ष पश्चात पुनर्मिलन एवं अलंकरण समारोह गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। इस भावुक और प्रेरक आयोजन की पहल 1977 सत्र के पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा की गई।

पूर्व छात्र-छात्राएं प्रार्थना में सम्मिलित हुए और वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के समक्ष सूक्ति वाक्य और अनमोल वचन प्रस्तुत किए, जिससे उन्हें प्रेरणा मिली। परिचय कार्यक्रम, गीत गायन, कविताएं और पुराने संस्मरणों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गईं।

पूर्व छात्रों ने अपने पूज्य गुरुजनों का हृदय से सम्मान किया। सम्मानित किए गए शिक्षकों में शामिल थे, समारू लाल वर्मा गणित, विज्ञान के अध्यापन हेतु, विश्वनाथ हिरवानी, गोविंद राम वर्मा राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, राम सिंह गिलहरे, आनंद राम देवांगन, सुरेश साहू, सीताराम यादव, गुरुजनों को शाल, श्रीफल, बुक, पौध का गमला और सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। गुरुजनों ने संस्मरणों के माध्यम से उद्बोधन देते हुए पूर्व छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया। वर्तमान सत्र में विद्यालय के समस्त शिक्षक, रसोईया, स्वीपर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और शाला विकास समिति के अध्यक्ष विजय शर्मा सहित पूरी समिति का भी पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा सम्मान किया गया। पूर्व छात्र-छात्राओं ने अध्ययनरत छात्रों के लिए प्रेरक उद्बोधन प्रदान किया। आदर्श व संकेत अग्रवाल द्वारा छात्र-छात्राओं को कलम व कॉपियां वितरित की गईं। सभी उपस्थित पूर्व छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन में डॉ. महेंद्र देवांगन, कैलाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अब्दुल लतीफ़, राजेंद्र छाबड़ा, हरभजन सिंह, दशरथ वर्मा, गिरीश देवांगन, गोपी देवांगन, निरंजन अग्रवाल, बलराम नशीने, ठाकुर राम वर्मा, हरजीत सिंह छाबड़ा, जीवन लाल देवांगन, बालमुकुंद वर्मा, राम साहू, बाबूलाल गेन्द्रे, सुनील बिजवे, प्रकाश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मनोहर वर्मा, नीरज चौहान, शशि देवांगन, प्रभा सिरमौर, सावित्री पांडे, किरण अग्रवाल, शशि अग्रवाल, माहेश्वरी वर्मा, उषा किरण साहू, राजिंदर कौर, सुशीला ब्रम्हे, जयश्री साहू आदि उपस्थित थे।




# हायर सेकंडरी की छात्राओं को साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्वामी आत्मानंद पंचम दीवान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

शिवरतन शर्मा ने कहा बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना अत्यंत सराहनीय है। साइकिल मिलने से छात्राओं की शिक्षा यात्रा और अधिक सुगम बनेगी तथा वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकेंगी। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा शिक्षा ही विकास की कुंजी है। सरस्वती साइकिल वितरण योजना से बेटियों को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि समाज में समान अवसरों की भावना भी सशक्त होगी। नगर पालिका परिषद भाटापारा सदैव शिक्षा और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहेगी।



# पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा-नेवरा के संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला आलेसूर में ग्रामीण दम्पति द्रोपती प्रेमलाल वर्मा द्वारा अपने पुत्र रोशन वर्मा के जन्मदिन पर विद्यालय के छात्रों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न फलों एवं स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया। विद्यालय परिसर में बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता देखी गई। संकुल मीडिया प्रभारी छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधान पाठक युधिष्ठिर बुड़ेक एवं शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू तथा चंद्रशेखर रात्रे उपस्थित थे।

# नवपदस्थ सीईओ का ब्लाक सरपंच संघ ने किया स्वागत



**लिमतरा।** जनपद पंचायत सिमगा में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्र प्रकाश मनहर का सरपंच संघ के प्रतिनिधि मंडल ने स्वागत किया। स्वागत अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चौरे, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे, दौलत साहू संजारी नवागांव, मुरली शर्मा सरपंच प्रतिनिधि लिमतरा, अर्चना वाणी सरपंच बिश्रामपुर, रेशू मसीह सरपंच गणेशपुर, सती साहू सरपंच ढेकूना, चित्रलेखा साहू सरपंच मन्होरा सहित अन्य सरपंचगण उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल ने सीईओ स्वागत किया और पंचायतों के विकास तथा सुचारू संचालन के लिए सहयोग की अपील की। इस अवसर पर मनहर ने सभी सरपंचों और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पंचायतों के सहयोग से ही जनपद क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने पारदर्शी प्रशासन और जनसहभागिता के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# लक्ष्य देवांगन मेधावी छात्र अलंकरण से सम्मानित

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मेधावी छात्र लक्ष्य नारायण प्रसाद देवांगन को शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा मेधावी छात्र अलंकरण से सम्मानित किया गया। विदित हो कि सरस्वती शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रदेश में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर समिति के समस्त विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। इस परीक्षा में छात्र लक्ष्य देवांगन ने कक्षा तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम में लगातार तीन वर्षों तक राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। उनकी इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में संस्थान की ओर से उन्हें शील्ड एवं नगद पुरस्कार प्रदान किया गया, जो शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से प्राप्त हुआ। वर्तमान में लक्ष्य देवांगन जवाहर नवोदय विद्यालय, माना रायपुर में अध्ययनरत हैं। उनकी इस सफलता पर प्राचार्य अश्वनी पाटकर, जवाहर नवोदय विद्यालय माना के प्राचार्य तथा समस्त शिक्षकगणों ने हर्ष व्यक्त किया।







